भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3771
बुधवार, दिनांक 18 दिसम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों से बिजली</u>

3771. श्री बृजेन्द्र सिंह ओलाः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) जलवायु परिवर्तन संबंधी पेरिस समझौते के अनुसार स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों से विद्युत उत्पादन हेतु भारत द्वारा संस्थापित परियोजनाओं की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि वर्ष 2022 तक 175 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता की संस्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है;

(ग) यदि हां, तो सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जैव-विद्युत और लघु पनबिजली परियोजनाओं के संबंध में स्थापित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और उक्त लक्ष्य के अनुपालन में उनकी क्षमता क्या है; और

(घ) देश की कुल स्थापित क्षमता में ताप ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा, जल विद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) से (ग): कॉप-26 में माननीय प्रधानमंत्री की घोषणा के अनुरूप, सरकार वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म स्रोतों से 500 गीगावाट स्थापित विद्युत क्षमता हासिल करने की दिशा में कार्य कर रही है। दिनांक 30.11.2024 की स्थिति के अनुसार देश में कुल 213.70 गीगावाट गैर-जीवाश्म विद्युत क्षमता स्थापित की गई है, जिसमें 94.17 गीगावाट सौर विद्युत, 47.96 गीगावाट पवन विद्युत, 11.34 गीगावाट जैव-विद्युत, 5.08 गीगावाट लघु जल विद्युत, 46.97 गीगावाट बड़ी जल विद्युत और 8.18 गीगावाट परमाणु विद्युत शामिल है।

(घ) दिनांक 30.11.2024 की स्थिति के अनुसार, देश में कुल स्थापित ऊर्जा क्षमता 456.76 गीगावाट है, जिसमें 243.06 गीगावाट तापीय ऊर्जा, 8.18 गीगावाट परमाणु ऊर्जा और 205.52 गीगावाट अक्षय ऊर्जा शामिल है।

*****